ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा,
बिन तेरे ज़िन्दगी अधूरी है,
आ के तो देख मेरी हालत को,
बिन तेरे हर खुशी अधूरी है,
ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा।।

तर्ज ऐ मेरे दोस्त लौट के आजा।

बन के हमदर्द मेरा हमसाया,
तू मेरी ज़िन्दगी में आया है,
प्यार अपनों से भी ज़्यादा किया मुझे तूने,
लोग कहते हैं तू पराया है,
लोग कहते हैं तू पराया है,
ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा।।

मेरे दिल से तेरा ही नाम निकले,
मैं जहां भी रहूं तेरा ध्यान रहे,
भूल के भी ना भूला पाऊं मैं तुझे बाबा,
हर घड़ी बस तेरा ख्याल रहे,
हर घड़ी बस तेरा ख्याल रहे,
ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा।।

याद आते हैं जब करम तेरे,
मेरी आंखों से अश्क बहते हैं,

तेरे अहसानों का बदला मैं चुकाऊं कैसे,
बहते आंसू ये मुझसे कहते हैं,
बहते आंसू ये मुझसे कहते हैं,
ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा।।

ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा,
बिन तेरे ज़िन्दगी अधूरी है,
आ के तो देख मेरी हालत को,
बिन तेरे हर खुशी अधूरी है,
ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा।।

भजन गायक
योगेश चतुर्वेदी 9351505230
नवरत्न पारीक 9887140192

Source: https://www.bharattemples.com/ae-mere-shyam-daud-ke-aaja/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw